न्यूज ब्रीफ

अस्पतालों की अव्यवस्था पर आयोग ने लिया संज्ञान

भोपाल। राजधानी भोपाल के एम्स अस्पताल, हमीदिया अस्पताल एवं जय प्रकाश जिला अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों को अस्पताल के बाहर सोना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में रुकने की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों के साथ आए परिजनों को अस्पताल के बाहर खुले आसमान के नीचे रात में गुजरना पड़ रही है। इससे मरीजों के परिजनों को ठंड में परेशान होना पड़ रहा है।

इस मामले पर संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने डायरेक्टर, एम्स अस्पताल, भोपाल, अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल को मामले की जांच कराने के बाद कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में भेजने के लिए कहा है।

क्षतिग्रस्त गैस पाइप लाइन को सुधारा गया

भोपाल। रीगल सिविक सेंटर के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटना हुई, जिससे भोपाल के अवधपुरी इलाके की विभिन्न सोसाइटियों में गैस रिसाव और पीएनजी की आपूर्ति बंद हो गई। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। थिंक गैस की आपातकालीन टीम मौके पर साइट पर पहुंची और किसी भी तनाव को बढ़ने से बचाने के लिए तुरंत सुधार के उपाय किए। इसके बाद गैस की आपूर्ति फिर से शुरू हो सकी। पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए बिना सीवेज ठेकेदार द्वारा किए गए बहुत गहरी और असुरक्षित खुदाई के कारण पाइपलाइन पर भारी बोल्डर के साथ-साथ सड़क के कुछ हिस्से के ढहने से पाइप लाइन को नुकसान हुआ। इस तरह के नुकसान उपभोक्ताओं की गैस की आपूर्ति को बाधित करते हैं और जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। गैस पाइपलाइन के पास कोई भी खुदाई अत्यधिक सावधानी से की जानी चाहिए और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए।

शहर में 150 साल पुराने गहोई वैश्य समाज के मंदिर में होगी सूर्य पूजा

मकर संक्रांति पर जंबूरी मैदान में 2,000 पतंगें उड़ेंगी, लड्डू व खिचड़ी होगी वितरित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9752479963

मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को शहर में सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक परंपराओं के साथ उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर भर में पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भोजपाल मेला महोत्सव समिति द्वारा इस बार पहली मर्तबा पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि भेल के जंबूरी मैदान में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पतंग महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें निःशुल्क 2 हजार पतंग वितरित की जाएंगी। इस बीच तिल और गुड़ के लड्डुओं के साथ खिचड़ी का भी वितरण भी किया जाएगा। पतंग महोत्सव में चायना की डोर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी। पं. जगदीश शर्मा ने बताया कि सूर्यदेव के धनु से मकर राशि में प्रवेश करने के इस पर्व को विभिन्न समान पोंगल, उत्तरायण, तो कहीं तिर-मुरी के रूप में मनाते हैं। मकर संक्रांति या उत्तरायण के पर्व को 'पतंग महोत्सव' के नाम से भी जाना जाता है।

पंडित शर्मा ने बताया कि उत्तरायण सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का पर्व है, जिसे मकर संक्रांति के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर बढ़ता है, यानी सूर्य का झुकाव दक्षिण से उत्तर की ओर होता है। परिवर्तन ज्योतिष और खगोल विज्ञान के अनुसार शुभ माना जाता है। उत्तरायण पर पतंग उड़ाना सिर्फ एक मनोरंजन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति, और आध्यात्म का संगम है। पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने, शरीर को स्वस्थ रखने, और खुशियां बांटने का अवसर देता है।

सूर्यदेव की पूजा-अर्चना : शहर में 150 साल पुराना गहोई वैश्य समाज का कांठाली मंदिर फतेहगढ़ में है। यहां भगवान सूर्य की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा 2020 में हुई। संक्रांति पर मंदिर में सूर्यदेव की पूजा-अर्चना होगी।

पोंगल के रूप में मनाते हैं : तमिल संगम के अध्यक्ष पी. राजू ने बताया कि तमिल समाज इसे पोंगल के रूप में मनाता है। चार दिवसीय इस उत्सव में सूर्यदेव को अर्घ्य देकर उनकी पूजा अर्चना करेंगे।

तुअर फाफड़ी और चूड़ा व्यंजन: गुजराती समाज मकर संक्रांति को उत्तरायण और पतंग महोत्सव के रूप में मनाता है। समाज के अध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि इस दिन तिल-गुड़ के लड्डू, तुअर फाफड़ी और चूड़ा व्यंजन बनाए जाते हैं। पतंग उड़ाना शुभ माना जाता है।

कंकाली माता मंदिर में देवी जागरण एवं विशाल भंडारा आज

भोपाल। मां कंकाली धर्मश्री सेवा संस्था के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां कंकाली वार्षिक भजन महोत्सव शनिवार को गोदवाल बिलखिरिया स्थित मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी कुंवर प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगा।

कार्यक्रम में मप्र के 211 कलाकार प्रस्तुति देंगे। समिति के संयोजक भजन गायक पंडित राकेश पाठक निराला ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण भगवा रंग की पगड़ी एवं श्री राम दरबार की मनमोहक झांकी रहेगी। साथ ही वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा राधे कृष्ण की फूलों की होली एवं मोर पंख नृत्य भी होगा। भजनों के साथ ही विशाल भंडारा होगा। मां कंकाली को 56 भोग महाप्रसाद अर्पित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में हजारों भक्त शामिल होंगे।

पीपुल्स यूनिवर्सिटी में जॉन डियर इंडिया का कैंपस ड्राइव आयोजित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

पीपुल्स यूनिवर्सिटी के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा स्कूल ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (SORT) में जॉन डियर इंडिया का कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। इस अवसर पर जॉन डियर इंडिया से देवाशीष सिंह (एचआरबीपी) एवं नवनीत व्यास (ऑपरेशंस विभाग) उपस्थित रहे।

कैंपस ड्राइव की शुरुआत प्री-प्लेसमेंट टॉक से हुई, इसमें अतिथियों ने छात्रों को कंपनी की कार्य संस्कृति, जॉब प्रोफाइल एवं कॅरियर अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान छात्रों ने अतिथियों से संवाद किया और अपने प्रश्न पूछकर सभी संदेहों का समाधान किया। इसके पश्चात इंटरव्यू राउंड आयोजित किया गया। इस कैंपस में कुल 56 छात्रों का चयन किया गया। चयनित हुए छात्रों में 25 इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, 14 इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं 17 मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र शामिल हैं।

श्रीमद् भागवत कथा कल से, 2100 कलश के साथ निकाली जाएगी विशाल यात्रा

पीपुल्स संवाददाता ● संत नगर
editor@peoplessamachar.co.in

संत गोरक्षा उत्थान समिति के तत्वाधान में सिंगारचोली ब्रिज के नीचे पंचवटी लालघाटी पर आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा चित्रकूट धाम से वेद व्यास धर्माचार्य कृपा शंकर महाराज के मुखारविंद से 4 जनवरी से 10 जनवरी तक होगी। इस आयोजन को लेकर पंचवटी पर बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें राधे महाराज ने बताया कि पहले दिन 2100 कलश के साथ शहर की अलग-अलग जगहों से महिलाएं शामिल होंगी। वहीं करीब 3 हजार से अधिक श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे। कलश यात्रा लालघाटी देवी मंदिर से कथा स्थल तक पहुंचेगी। जहां प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा प्रारंभ होगी। 7 दिनों तक चलने वाली इस कथा में राष्ट्रीय संत कथा व्यास आचार्य कृपाशंकर महाराज कथा का वाचन करेंगे। कथा का रसपान करने के लिए संत नगर के व्यापारी, पुजारी, राजनीति से जुड़े नेता, समाजसेवी, हर रोज आरती में शामिल होंगे। कथा के अंतिम दिन भंडारा होगा। कथा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रहेगी और पूरी कथा रोज सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों जुड़ सकेंगे। इस कार्यक्रम संयोजक योगेश वासवानी बनाए गए हैं, वहीं, मुख्य यजमान श्याम विजयवर्गीय रहेंगे।

पीपुल्स कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस ने बढ़ाए राहत के हाथ, जरूरतमदों को भोजन, कंबल वितरित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता के लिए शुक्रवार को पीपुल्स कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस भोपाल द्वारा कंबल एवं भोजन के पैकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने सड़कों, फुटपाथों एवं झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रह रहे लोगों को कंबल वितरित किए तथा उनके खाने के लिए पौष्टिक भोजन के पैकेट प्रदान किए।

पीपुल्स कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस भोपाल के सोशल एवं एनवायरनमेंट क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना हमारा नैतिक दायित्व है। ऐसे कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को सहारा देते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के छात्र सदीम खान ने बताया कि जरूरतमदों को कंबल और खाने के पैकेट पाकर लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता है।

हमीदिया कॉलेज में हेल्थ अवेयरनेस को लेकर किया नुक्कड़ नाटक

भोपाल। हमीदिया कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर के छठवें दिन निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। दिन की शुरुआत प्रभात फेरी, प्रार्थना और योग से हुई। इसके बाद श्रम सत्र में रासेयो गीत और शिविर की जानकारी लोगों को दी गई।

मानसरोवर चिकित्सालय की टीम ने शिविरार्थियों और ग्रामवासियों की बीपी, शुगर और अन्य बीमारियों की मुफ्त जांच की। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. राकेश वर्मा रहे। गांव में पर्यावरण, स्वच्छता, बाल संरक्षण और मतदाता जागरुकता पर रैली निकली गई। एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, साम्या खान, निवासी मकान नंबर 913, रामफल वाली गली, गिन्नौरी, भोपाल (मध्य प्रदेश), यह सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम "साम्या" था, जिसे मैंने विधिवत रूप से बदलकर "साम्या खान" कर लिया है। भविष्य में सभी शासकीय, अर्ध-शासकीय एवं निजी कार्यों में मुझे "साम्या खान" नाम से ही जाना जाए।

निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना : सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज

नववर्ष के उपलक्ष्य पर सतगुरु का खुशियों और आशीष से भरा संदेश

पीपुल्स संवाददाता ● संत नगर
editor@peoplessamachar.co.in

निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है। यह प्रेरणादायक प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गए। इस सत्संग में विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता के पावन सानिध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया।

सतगुरु माता ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि नववर्ष का प्रथम दिवस हमें संतों के वचनों को सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अनमोल अवसर देता है। जहां संसार वर्ष की शुरुआत मौज-मस्ती से करता है, वहीं संत सत्य और सत्संग का मार्ग चुनते हैं। सत्संग से आरंभ हुआ जीवन हर पल निरंकार के एहसास को और अधिक दृढ़ करता चला जाता है। तार्किक रूप से नववर्ष केवल धरती सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और ऋतुओं का परिवर्तन है। सतगुरु माता ने कहा कि एक भक्त की यही कामना होती है कि हर नया वर्ष उसे पहले से अधिक सेवा, सुमिरन और सत्संग से जोड़े, साथ ही वह अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाए। मनमुटाव और द्वेष से दूर रहकर, दूसरों के भावों को समझते हुए, दोषों पर पर्दा डालकर गुणों को अपनाना ही सच्ची भक्ति है।

कंछेदीलाल की स्मृति में बड़े तालाब में आज होगी बोट रेस

संत हिरदाराम नगर। संत नगर में स्वर्गीय कंछेदीलाल केवट की स्मृति में प्रतिवर्ष होने वाले विधायक बोट रेस का आयोजन शनिवार को सुबह 10 बजे बड़े तालाब किनारे पुराने विर्सजन घाट, बेहटागांव में किया जाएगा। इस वोट रेस मे प्रदेशभर से नाविकों की टीम भाग ले रही हैं। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बोट रेस के आयोजक रोहन रामू केवट ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहेंगे।

इस आयोजन में सीनियर बोट रेस में प्रथम पुरस्कार के रूप में दो बाइक रखी गई है, जो विजेता को दी जाएंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग वोट रेस देखने के लिए बड़े तालाब में पहुंचेंगे।

NITTTR में 'नागरिक कर्तव्यों में शिक्षकों की भूमिका' पर व्याख्यान

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

शिक्षक का कार्य सर्वोच्च है, शिक्षकों की गोद में ही भविष्य का निर्माण होता है, शिक्षा से बड़ा कोई संस्कार नहीं है। यह बात एनआईटीटीटीआर भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग द्वारा विषय 'नागरिक कर्तव्यों में शिक्षकों की भूमिका' पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता भारत विकास परिषद के संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने कही। उन्होंने भारतीय शिक्षा दर्शन की अवधारणा को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए कहा कि संवेदना के बिना निर्माण नहीं हो सकता, इसलिए शिक्षकों को संवेदनशील होना अत्यंत आवश्यक है। 'अधिकार और कर्तव्य एक गाड़ी के दो पहिये हैं' अधिकार तभी सही है, जब हम अपने कर्तव्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं। इस अवसर पर निटर के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम हैं। वहीं डीन साइंस एवं आईकेएस हेड प्रो. पीके पुरोहित ने कहा कि शिक्षकों के प्रयासों से ही हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखते हुए, नए ज्ञान की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक 81/यां.वि./2026 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: भोपाल, दिनांक 01.01.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू.में)	निविदा क्रय करने का अंतिम	
				दिनांक	समय
1	2026_UAD_472451_1	Beautification work at Deendayal Chowraha Ward 12 Zone 03	87,90,606/-	02 FEB 2026	05:30 PM

नोट – संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 2909/025/026 कार्यपालन यंत्री (सिविल) नगर पालिक निगम, भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी. टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल -462023

NIT No. - 06/HFA/2026 Date : 02.01.2026

:: निविदा आमंत्रण ::
निविदा क्रमांक 2025_UAD_453002_2

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कोकता (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-18-1980) स्थल पर निर्मित कुल 52 एल.आई.जी. (2 बी. एच.के.) आवासों में से शेष 48 एल. आई.जी. (2 बी. एच.के.) आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई–निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 05.01.2026 को 13.30 PM से 06.02.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 09.02.2026 को समय 10:30AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई–निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः ऑनलाईन, ई–निविदा में समस्या होने पर ईमेल bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें, अथवा मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें।

नि.क्र. 2912/025/026 जोनल अधिकारी (HFA) नगर निगम, भोपाल

कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

Phone :-07692-350003, 350004 E-mail :- fd.pennp.sni@mp.gov.in
Web Site :- www.penchtiger.org

क्रमांक/राजस्व/6689 सिवनी/दिनांक 29.12.2025

:: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि वन अपराध प्रकरण क्रमांक 46100/08, दिनांक 28.11.2021 में अवैध सागौन काष्ठ परिवहन में लिप्त चार चक्का वाहन क्रमांक MH-34-F-1110 मारूति सुजुकी 800 बंधान बीट कक्ष क्रमांक आर एफ 1499 बंधान घाट के पास से दोपहर 04.30 बजे जप्त की गई। गश्ती दल द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी कुंभपानी परिक्षेत्र बफर छिंदवाड़ा क्षेत्र की बंधान बीट से 06 नग सागौन लट्ठा 0.337 घ.मी. का अवैध परिवहन करते उक्त वाहन को पकड़ा गया। जिसमें भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) क, ड, च एवं मध्यप्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5 एवं 16 के तहत उल्लघंन करने पर अज्ञात व्यक्ति के नाम से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

अतएव सूचित किया जाता है, कि जिस किसी के आधिपत्य में उक्त जप्त चार चका मारुति सुजुकी वाहन क्रमांक MH-34-F-1110 थी, तुरंत इस कार्यालय के समक्ष हाजिर होकर पंजीयन अभिलेख एवं जानकारी लेकर सूचना प्राप्ति शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय में हाजिर हो एवं अपना परिवाद प्रस्तुत करे अन्यथा सूचना समाचार पत्र में मुद्रित होने के 15 कार्य दिवस के उपरांत प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही कर अंतिम निर्णय लिया जावेगा। इस पर कोई क्षति होती है तो शासन उत्तरदायी नहीं रहेगा।

जी–23721/25 उप संचालक
सायबर क्राइम सुरक्षा हेल्पलाइन नं.–1930 पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमाक-1 शेड क्र-7 जवाहर चौक भोपाल

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 92/2025–26 दिनांक 29.12.2025

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदाएं प्रपत्र 2.10 में आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र में दर्शाए गए कार्यालय में निविदाए स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र की राशि रू.	1.ठेके की अनुमानित राशि रू. 2. अमानत राशि रू.	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दि.	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय	1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
1	लोनिवि संधारण संभाग क्र.–1 भोपाल राजभवन सेक्शन अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों, मंत्री बंगला एवं मुख्यमंत्री निवास के ओवर हेड टैंक एवं वाटर टैंकों को इको फ्रेन्डली एवं बायो डिग्रेड केमिकल ट्रीटमेंन्ट द्वारा सफाई का कार्य।	रू. 2000/-	1. 1,98,000/- (रू. एक लाख अन्ठानबे हजार) मात्र 2. 3960/–	1. 08.01.2026 सायं 5.30 तक	1. 15.01.2026 2. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्र.–1 भोपाल	1. 16.01.2026 2. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्र.–1 भोपाल	1. 11 माह 2. केन्द्रीयकृत पंजीकरण प्रणाली 3. प्रथम आमंत्रण

टीप :–
1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक– 1 भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है।
2. निविदा प्रपत्र क्रय के लिए निम्न लिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा।
(i) उचित श्रेणी में पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी डीड एवं पावर ऑफ अटार्नी की प्रति।
(ii) पैन कार्ड, जी.एस.टी. पंजीयन नं, की छायाप्रति। (iii) नो रिलेशनशिप प्रमाण पत्र।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र.1
भोपाल फोन : 0755–2777485

जी–23705/25 सायबर क्राइम सुरक्षा हेल्पलाइन नं.–1930

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
ब्रांच ऑफिस यूनिट : पहली मंजिल, जेड–26, जोन–1, ICICI बैंक के पास, एम पी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश–462011
रजिस्टर्ड ऑफिस :– 602, छठी मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर. नंबर 79/1, घोरपड़ी, मुडवा रोड, पुणे–411036
ई–नीलामी – बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे "प्रतिभूत ऋणदाता" कहा जाएगा) के पास गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसारण में सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, सुरक्षित ऋणदाता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है।
संपत्तियाँ 19/01/2026 को ई–नीलामी के माध्यम से "जैसी हैं जहाँ हैं", "जैसी हैं जो हैं" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएँगी। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

स.क्र	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम {A}	मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि {B}	कब्जा की प्रकृति {C}	संपत्ति का विवरण {D}	आरक्षित मूल्य {E}	ईएमडी (आरपी का 10%) {F}	ईएमडी जमा करने की तिथि{G}	वृद्धिशील बोली {H}	संपत्ति निरीक्षण तिथि और समय {I}	नीलामी की तिथि और समय {J}	ज्ञात भार/ अदालती मामले यदि कोई हो {K}
1	लोन नं. LAP019720000000050885 रोहित (उधारकर्ता) मोहन (सह–उधारकर्ता) संजू (सह–उधारकर्ता)	नोटिस दिनांक : 06/02/2025 कुल बकाया : रु. 2184513/- (रुपये इक्कीस लाख चौरासी हजार पांच सौ तेरह मात्र) 06/02/2025 तक देय, साथ ही वसूली तक 14.85% प्रति वर्ष ब्याज भी देय।	भौतिक	मकान नंबर 184 का पूरा हिस्सा, प्लॉट एरिया 450 वर्ग फुट, बना हुआ एरिया 90 वर्ग फुट, खुला एरिया 360 वर्ग फुट, जो बाग महामाई का शहर, वार्ड नंबर 41, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं : पूर्व में – रास्ता, पश्चिम में – दूसरे की संपत्ति, उत्तर में – जवाहर लाल साहू का मकान, दक्षिण में – अशोक चतुर्वेदी का मकान,	रु. 23,62,500/- (तेईस लाख बासठ हजार पाँच सौ रुपये मात्र)	रु. 2,36,250/- (दो लाख छत्तीस हजार दो सौ पचास रुपये मात्र)	17-01-2026 को 5 बजे से पहले	10,000/-	13-01-2026 (11AM-4PM)	19-01-2026 (11AM-4PM)	NIL

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोलियाँ जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं को संतुष्ट करें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बकाया और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाए और चुकाए जाएँगे। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) से लॉगिन आईडी और पासवर्ड पहले ही प्राप्त कर लेना होगा, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है। पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर– 7291981124,25,26। सहायता ईमेल आईडी – Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति – धरनी पी, ईमेल आईडी– dharani.p@c1india.com संपर्क संख्या– 9948182222. कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड – नीलामी आय खाता", बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। खाता संख्या–091551000028 और IFSC कोड– ICIC0000915, ICICI बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर – 411014 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक में 26/08/2025 को या उससे पहले निकाला गया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर उनके पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करने, ई–मेल करने और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजने की आवश्यकता होती है : पहला तल, जेड –26, जोन –1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश –462011 मोबाइल नंबर। +91 8281138143 ई–मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com & www.grihumhousing.com पर जाएँ। इस सूचना को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को 15 दिनों का नोटिस भी माना जाना चाहिए। नोट : किसी भी स्थिति में अगर लोकल भाषा के पब्लिकेशन और इंग्लिश अखबार के पब्लिकेशन के कंटेंट में कोई अंतर होता है, तो प्रीग्रेस में छपे इंग्लिश अखबार के कंटेंट को ही सही माना जाएगा।

दिनांक 03.01.2026, स्थान : भोपाल एसडी/– प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड